J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
(formerly YMCA University of Science and Technology)
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

NEWS CLIPPING:10.11.2023

PUNJAB KESARI

जेसी बोस वि.वि में आइडियाथॉन का आयोजन

आइडियाथॉन-2023 के विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए मुख्य अतिथि तथा साथ में अन्य।

फरीदाबाद, 9 नवम्बर (ब्यूरो): छात्रों के अभिनव एवं रचनात्मकता विचारों को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) द्वारा आइडियाथॉन-2023 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में आर्थिक मामले विभाग में निदेशक प्रभु नारायण मुख्य अतिथि रहे।

संस्थान के डीन प्रो. संदीप ग्रोवर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के आईआईसी (6.0) की अध्यक्ष डॉ. रश्मी अग्रवाल ने विश्वविद्यालय के आईआईसी की कार्यप्रणाली के बारे में चर्चा की और डॉ. रोहित त्रिपाठी ने आइडियाथॉन-2023 के विषय से अवगत कराया। मुख्य अतिथि प्रभु नारायण ने शिक्षा में नवाचार के महत्व पर बल देते हुए प्रतिभागियों के साथ अपने अनुभव सांझा किये। प्रो. संदीप ग्रोवर ने विश्वविद्यालय में नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देने के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। इस आयोजन में कुल 33 टीमों ने भाग लिया, जिन्होंने पीपीटी प्रस्तुतियों और प्रोटोटाइप के माध्यम से उद्योग विशेषज्ञों के सामने अपने अभिनव विचार प्रस्तुत किए। आइडियाथॉन प्रतियोगिता में जेसी बोस विश्वविद्यालय की टीम को आईओटी-आधारित स्मार्ट इलेक्ट्रिक स्कूटर के विचार के लिए पहला पुरस्कार मिला।

पुरस्कार स्वरूप 10,000 रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। दिल्ली फार्मा यूनिवर्सिटी की टीम ने स्वास्थ्य सेवा पर केंद्रित अपने प्रोजेक्ट स्पेशल यू के लिए दूसरा पुरस्कार जीता। एआई-संचालित नेविगेशन सहायता के विचार के लिए मानव रचना विश्वविद्यालय फरीदाबाद की टीम और रोबोटिक आर्म के विचार के लिए जे.सी. बोस विश्वविद्यालय की टीम को संयुक्त रूप से तीसरा पुरस्कार के लिए चुना गया। सभी प्रतिभागियों को उनकी भागीदारी के लिए ई-प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया।

डिजाइन-एक्स प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के बीटेक द्वितीय वर्ष के छात्र हितार्थ ने प्रथम पुरस्कार जीता। बीटेक द्वितीय वर्ष के छात्र देवांश ने दूसरा स्थान और बीटेक प्रथम वर्ष की छात्रा भावना ने तीसरा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम का समापन डॉ. निखिल देव द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की एक विस्तृत रिपोर्ट के साथ हुआ।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
(formerly YMCA University of Science and Technology)
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

NEWS CLIPPING:10.11.2023

AMAR UJALA

छात्र संघ चुनाव में एबीवीपी उम्मीदवारों का रहा दबदबा

फरीदाबाद। जेसी बोस विज्ञान और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित किए गए छात्र संघ चुनाव में एबीवीपी के उम्मीदवारों ने चारों सीटों पर जीत हासिल की। जिला संयोजक गायत्री राठौर ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की इस जीत को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय में कार्यकर्ताओं की निरंतर मेहनत का परिणाम है। परिषद साल भर में विभिन्न गतिविधि के माध्यम से छात्रों के बीच कार्य करता है।

विद्यार्थी परिषद ने चार सीटों पर अपने प्रत्याशियों को चुनाव में उतारा था, जिसमें अध्यक्ष पद पर डेविड मेहलावत, उपाध्यक्ष मोहन भारद्वाज, सचिव यशिता नागपाल, सह सचिव यशिका भड़ाना ने जीत दर्ज की। इस चुनाव में एबीवीपी समर्थित उम्मीदवारों ने सभी पदों पर जीत हासिल की। चुनाव प्रक्रिया के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए थे। एबीवीपी जिला इकाई द्वारा जिला प्रमुख सरोज कुमार ने जीत दर्ज करने वाले पदाधिकारियों को पटका व माला पहनाकर बधाई दी। इस अवसर पर विभाग संयोजक पुष्पेंद्र ठाकुर, प्रांत सोशल मीडिया संयोजक रवि पांडे, पारस नरवत, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य रमन पाराशर, नगर मंत्री सिद्धार्थ व सुमित यादव, कुनाल, सागर डागर आदि मुख्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। संवाद